# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 15.07.2026** **समय : 1905**

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आयुर्वेद की प्राचीन परंपरा को वैज्ञानकि आधार पर सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर पहुँचाने के लिए युवाओं को प्रेरित किया।
2. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने वाराणसी एलिवेटेड परियोजना को बनाने की मंजूरी दी। चौदह हजार चार सौ करोड़ रुपये से सिक्स लेन ग्रीन फील्ड एलिवेटेड कोरिडोर बनाया जाएगा।
3. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने तथा महाकवि कालिदास जयंती के उपलक्ष्य में 'महाकवि कालिदास राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव–2026' का आयोजन किया जा रहा है।
4. स्टॉप डायरिया अभियान के अंतर्गत बच्चों को डायरिया से बचाने के लिए ब्रुक्शाबाद में राज्यस्तीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आयुर्वेद में आधुनिक तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया है। आज नई दिल्ली में 'सौश्रुतम् 2026' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि केंद्र सरकार ने नई ऊर्जा के साथ आयुर्वेद और योग को वैश्विक स्तर पर स्थापित किया है। आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सा की प्राचीन परंपरा को वैज्ञानिक मानकों पर स्थापित करने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि आयुष मंत्रालय आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवा के वैश्विक मानकीकरण को मजबूत करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर काम कर रहा है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज से लागू हुआ व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता तथा सामाजिक सुरक्षा समझौता भारत–ब्रिटेन की साझेदारी में एक महत्वपूर्ण क्षण है। श्री मोदी ने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये समझौता भारत के किसानों, उद्यमियों और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को नई गति प्रदान करेगा, साथ ही कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को ब्रिटेन के बाजार तक मजबूत पहुंच प्राप्त करने में मदद करेगा। इससे प्रौद्योगिकी, पेशेवर सेवाओं और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग भी मजबूत होगा। कुशल भारतीय प्रतिभाओं की आवाजाही को भी बढ़ावा मिलेगा। श्री मोदी ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा समझौता ब्रिटेन में अस्थायी रूप से काम कर रहे भारतीय पेशेवरों को अमूल्य सहायता प्रदान करेगा और भारतीय उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि यह क्षण भारत–ब्रिटेन के बीच विश्वास तथा व्यापार, प्रौद्योगिकी, निवेश और नवाचार द्वारा संचालित एक प्रगतिशील साझेदारी बनाने के उनके संकल्प को दर्शाता है।

<><><><><><><>

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग–19 और वाराणसी रिंग रोड के बीच छियालीस किलोमीटर से अधिक लंबे 6–लेन वाले ग्रीनफील्ड एलिवेटेड कॉरिडोर को स्वीकृति दी। इसे हाइब्रिड एन्युटी मॉडल के तहत मंजूरी दी गई है। इससे शहरी आवाजाही बेहतर होगी। नई दिल्ली में आज मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि इस परियोजना की कुल लागत 14 हजार 400 करोड़ रुपये से अधिक है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग–19 और वाराणसी रिंग रोड के बीच बिना रुकावट कनेक्टिविटी देगा, जिससे शहर के रोड नेटवर्क पर भीड़ कम होगी और शहरी आवाजाही बेहतर होगी। उम्मीद है कि इससे प्रोजेक्ट के असर वाले इलाके में यात्रा का औसत समय लगभग 60 मिनट से घटकर 20 मिनट रह जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि यह परियोजना प्रमुख धार्मिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक स्थलों तक संपर्क को काफी बेहतर बनाएगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने तथा महाकवि कालिदास जयंती के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली द्वारा 'महाकवि कालिदास राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव–2026' का आयोजन किया जा रहा है। 'भारत स्पीक्स थ्रू थिएटर : युवा रंगमंच से राष्ट्र जागरण' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। महोत्सव के अंतर्गत आज शाम से राजधानी श्री विजयपुरम में दो अलग–अलग सभागारों में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से संबंधित दो 20 मिनट की नाट्य प्रस्तुतियाँ दी जा रही है। सरकारी बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं 'कालापानी–सेल्युलर जेल की पुकार' नाटक का मंचन करेंगी। वहीं, सरकारी माध्यमिक विद्यालय, जंगलीघाट के विद्यार्थी 'नेताजी–आजादी के ज्वालामुखी' नाटक का मंचन करेंगे। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और रंगमंच के माध्यम से राष्ट्रीय जागरण की भावना को सुदृढ़ करना है।

<><><><><><><>

केंद्र शासित प्रदेश स्वास्थ्य मिशन और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में आज ब्रुक्शाबाद के सामुदायिक भवन में स्टॉप डायरिया अभियान के अंतर्गत राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु को शून्य करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. एच. एम. सिद्धराजु ने डायरिया की रोकथाम के लिए सुरक्षित पेयजल, स्वच्छता तथा हाथ धोने की आदत अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर वार्ड संख्या–21 के पार्षद अरुबादी ने केंद्र शासित प्रदेश में डायरिया के मामलों के नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में गाराचरमा जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) डॉ. पी. के. पालित और परिवार कल्याण उपनिदेशक डॉ. शाइनी वर्गीज़ भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आशा कार्यकर्ताओं, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों तथा स्कूली विद्यार्थियों ने हाथ धोने की सही विधि, ओआरएस घोल तैयार करने और जिंक के महत्व पर प्रदर्शन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा कार्य निदेशालय, भारतीय खेल प्राधिकरण तथा पर्यटन विभाग के सहयोग से आइलैंड मानसून साइक्लिंग टूर–2026 का आयोजन 19 जुलाई को ओपन पुरुष एवं महिला वर्ग में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सुबह साढ़े छ बजे नेताजी स्टेडियम से शुरू होगा। साइक्लिंग टूर नेताजी स्टेडियम मुख्य द्वार से शुरू होकर बी.एड. गर्ल्स हॉस्टल → जीएसएसएस गर्ल्स स्कूल → जेएनआरएम कॉलेज → गवर्नमेंट प्रेस → सिंक्लेयर्स होटल → मजार पहाड़ चौक → विज्ञान केन्द्र→ हॉर्नबिल नेस्ट → कार्बिन्स कोव तट पर पहुँचकर समपन्न होगा। सभी प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे समय से पूर्व नेताजी स्टेडियम के मुख्य द्वार पर उपस्थित होकर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करें। अधिक जानकारी के लिए फोन संख्या 9476–081–707 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>